सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, उत्तराखंड

निदेशक, शोध एवं प्रसार निदेशालय, प्रशासनिक भवन, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा
email- researchdirectorssju@gmail.com
www.ssju.ac.in

पत्रांकः SSJU/नि0शो0/2024-25/511 दिनांकः 28—02—2025

सेवा में,

1. समस्त परिसर निदेशक
   एस0एस0जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

2. समस्त प्राचार्य
   संबद्ध स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
   एस0एस0जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

महोदय/महोदया,

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की प्री पीएच0डी0 की द्वितीय काउंसिलिंग विलम्ब से होने के कारण काउंसिलिंग में चयनित शोधार्थियों के प्री पीएच0डी0 कोर्सवर्क में अग्रांकित आंशिक संशोधन किया गया है। अतः अनुरोध है कि इस सूचना को अपने स्तर से विभिन्न संकायों को प्रसारित करने का कष्ट करें। पीएच.डी. कोर्स वर्क की अवधि निम्नवत् होगी–

1– पीएच0डी0 कोर्स वर्क की अवधि संबंधित प्रस्ताव

प्रश्नपत्र	पीएच0डी0 कोर्स वर्क की अवधि
प्रथम	10 फरवरी, 2025 से 20 मार्च, 2025 (02 वादन प्रतिदिवस, वादन अवधि–1.30 घंटा)
द्वितीय	21 मार्च, 2025 से 20 अप्रैल, 2025 (02 वादन प्रतिदिवस, वादन अवधि–1.30 घंटा)
तृतीय	शोधार्थियों को 30 जुलाई 2025 तक लघुशोध, शोध एवं प्रसार निदेशालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में जमा करना अनिवार्य है। लघुशोध प्रबंध जमा करते समय विद्यार्थियों को लघुशोध मूल्यांकन का शुल्क रू. 300 जमा करवाना अनिवार्य होगा। 01 अगस्त, 2025 से 20 अगस्त, 2025 तक रु0 500/– विलम्ब शुल्क के साथ तथा 21 अगस्त से 30 अगस्त, 2025 तक रु0 1000/– विलम्ब शुल्क लघुशोध प्रबन्ध जमा किया जा सकता है। इसके उपरांत किसी भी दशा में लघु शोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।)

2– वर्ष 2025 के प्री. पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की कोर्स वर्क में अध्ययन के दौरान औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत होना आवश्यक है।

3–प्रत्येक शोध केंद्र में कोर्स वर्क को संपादित करने हेतु को–ऑर्डिनेटर नियुक्त होंगे। प्रथम प्रश्नपत्र का अध्यापन आरम्भ कराना, समस्त विभागाध्यक्षों को द्वितीय प्रश्नपत्र का अध्यापन की व्यवस्था और शोध निर्देशकों को तृतीय प्रश्नपत्र लघुशोध प्रबंध का निर्देशन कराना है। प्रत्येक शोध केंद्र द्वारा प्री. पीएच0डी0 कोर्सवर्क में प्रवेश की अंतिम तिथि के उपरांत प्रविष्ट शोधार्थियों की विषयवार सूची विद्यार्थी का नाम, पिता का नाम, विषय, शोध निर्देशक/सह–शोध निर्देशक का नाम, परिसर/महाविद्यालय का नाम, प्रवेशित छात्र द्वारा लिए गए प्रवेश श्रेणी का नाम, विवरण सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को आवश्यक रूप से एक्सेल सीट/हार्ड कापी में भेजी जाएगी।

4–प्री. पीएच0डी0 कोर्सवर्क के तीनों प्रश्नपत्रों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय के केवल परीक्षा अनुभागमें जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त, 2025 प्रस्तावित है। मूल्यांकन के अंक केंद्रों द्वारा उचित माध्यम से सीधे परीक्षा अनुभाग में प्रेषित किए जाएंगे। शोध अनुभाग को प्राप्त प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र के आंतरिक मूल्यांकन के प्रेषित अंकों पर विचार नहीं किया जाएगा।

SP प्रमोद जोशी

5–एस0एस0जीना विश्वविद्यालय सत्र 2025 की प्री. पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा के तीनों प्रश्नपत्रों का मूल्यांकन एवं अंको का विभाजन अग्र प्रकार होगा:–

Paper	Title	Internal Assessment (MM)	Theory Exam (MM)	Total
Paper-I	Research Methodology	25 परिसर/महाविद्यालय द्वारा नियुक्त कोर्सको–आर्डिनेटर द्वारा प्रेषित किए जाएंगे।	75	100
Paper-II	Recent Advances in the Subject	25 (जहां से कोर्स वर्क किया जा रहा है।) विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित किए जाएंगे।	75	100
Paper-III	Dissertation in Specialized branch of the Subject	25 शोधार्थी के शोध निर्देशक द्वारा प्रेषित किए जाएंगे।	75	100

6–कोर्स वर्क की कक्षाएँ ऑफलाइन मोड में तथा यू0जी0सी0 के निर्देशानुसार संपादित की जाएगी। कोर्स वर्क हेतु एस0 एस0 जीना परिसर, अल्मोड़ा/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वाराहाट/ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, स्याल्दे/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानिला/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बागेश्वर/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिथौरागढ़/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेरीनाग/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चन्पावत/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सोमेश्वर /राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कपकोट/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणनगर/राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काण्डा प्रस्तावित है।

7– स्नातक महाविद्यालयों के जिन अध्यापकों को शोध छात्र आवंटित किए गए हैं, उनकी कोर्सवर्क की कक्षाएं उनके निकटस्थ स्नातकोत्तर/परिसर महाविद्यालयों में आयोजित की जाएंगी।

8–Ph.D Course Work का Syllabus पूर्व सत्र की भांति यथावत् रहेगा।

9–प्री. पीएच.डी. परीक्षा फार्म भरने की अनुमानित तिथि दिनांकः 01 अगस्त, 2025 होगी तथा परीक्षा फार्म वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाएंगे।

भवदीय

निदेशक
शोध एवं प्रसार निदेशालय
एस0 एस0 जे0 विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा

प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

निदेशक
शोध एवं प्रसार निदेशालय
एस0 एस0 जे0 विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा